Web: www.uttaranchaldeep.com    Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 7:00 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 5:36 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



फाल्गुनी शेन पीकॉक के स्टोर...पेज-3 पर

हल्द्वानी    वर्ष 16 अंक 75 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु.    शुक्रवार, 6 सितम्बर 2024

## News कॉर्नर

### उत्तरकाशी के मोरी में महसूस किए गए भूकंप के झटके

**देहरादून।** उत्तरकाशी के मोरी में आज शुक्रवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर तीव्रता तीन रही। भूकंप का केंद्र बिंदु सिंगतुर वन क्षेत्र, उत्तरकाशी-हिमाचल बॉर्डर बताया गया है। हालांकि किसी भी प्रकार हानि की कोई सूचना नहीं है। तहसील/थाना, चौकियों द्वारा दूरभाष पर ली गई सूचनानुसार जनपद में जिला मुख्यालय व समस्त तहसील/थाना/चौकियों क्षेत्र में भूकंप के झटके महसूस नहीं हुए हैं। किसी प्रकार की क्षति की सूचना प्राप्त नहीं हुई है। जनपद में कुशलता हैं।

**सीएम धामी ने दिए निर्देश, स्थानीय जनप्रतिनिधियों व विभिन्न संगठनों के साथ बैठक**

## केदारनाथ आपदा प्रभावित व्यवसायियों के लिए 9 करोड़ की राहत जारी

**देहरादून**

**हमारे संवाददाता**

मुख्य विकास अधिकारी ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों व विभिन्न संगठनों के साथ बैठक में सर्वसम्मति से 9.08 करोड़ रुपये की आपदा प्रभावितों को क्षतिपूर्ति देने का निर्णय लिया था।

सीएम के निर्देश पर यह धनराशि मुख्यमंत्री राहत कोष से स्वीकृत कर दी गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केदारनाथ में पिछले माह आई आपदा से प्रभावित हुए व्यवसायियों को राहत देने के लिए नौ करोड़ की धनराशि जारी की है। इस संबंध में सचिव मुख्यमंत्री



शैलेश बगौली ने रुद्रप्रयाग के जिलाधिकारी को धनराशि मंजूर किए जाने के संबंध में आदेश पत्र जारी कर दिया है। बता दें कि 31 जुलाई को भारी बारिश से लिनचौली से सोनप्रयाग तक पैदल मार्ग और मोटर मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया था। स्थानीय व्यवसायियों को भी भारी क्षति हुई थी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खुद दो बार ग्राउंड जीरो पर जाकर नुकसान का जायजा लिया था। साथ ही यात्रियों और आपदा प्रभावितों के बीच पहुंचकर उनसे जानकारी ली थी। इसके बाद उनके निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों व विभिन्न संगठनों के साथ बैठक में सर्वसम्मति से 9.08 करोड़ रुपये की आपदा प्रभावितों को क्षतिपूर्ति देने का निर्णय लिया था। सीएम के निर्देश पर यह धनराशि मुख्यमंत्री राहत कोष से स्वीकृत कर दी गई है। आदेश में कहा गया है कि स्वीकृत धनराशि का भुगतान प्रभावितों का परीक्षण तथा नियमानुसार सत्यापन करने के बाद पूरी तरह से संतुष्ट होने पर किया जाएगा। यह भुगतान ई-बैंकिंग या डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से होगा। मुख्यमंत्री राहत कोष से टिहरी जिले के मलेथा, गंगेरी पनेली, जोगियाड़ा, अंकवाणगांव, चक्रगांव, ग्वाणा मल्ला, मेण्डू सिंदवाल व कंडार गांव मल्ला के करीब 38 प्रभावित परिवारों को दो माह के किराये के लिए 25 लाख रुपये की धनराशि जारी की गई है।



## पुण्य तिथि पर वेद जी को श्रद्धापूर्वक नमन

**हल्द्वानी**

**कार्यालय संवाददाता**

'उत्तरांचल दीप' परिवार ने समाचार समूह के संस्थापक स्वर्गीय वेद प्रकाश गुप्ता 'वेद जी' को पुण्य तिथि पर श्रद्धापूर्वक नमन किया।

समाचार समूह के नैनीताल रोड स्थित मुख्यालय में श्रद्धांजलि सभा में 'उत्तरांचल दीप' परिवार के सदस्यों ने वेद जी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किये। वेद जी द्वारा अंकुरित समाचार पत्र समूह रूपी पौधे को पल्लवित-पुष्पित कर वटवृक्ष बनाने का संकल्प लिया। उत्तरांचल दीप परिवार के सदस्यों ने वेद जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। वेद जी बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी और उद्यमी के साथ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयं सेवक, जनसंघ और

**श्रद्धांजलि**

- वेद जी द्वारा अंकुरित समाचार पत्र समूह रूपी पौधे को पल्लवित-पुष्पित करने का लिया संकल्प

भारतीय जनता पार्टी के संयुक्त उत्तर प्रदेश व पृथक उत्तराखंड राज्य के समर्पित कार्यकर्ता रहे। वह उत्तराखंड भाजपा प्रदेश समिति में कोषाध्यक्ष रहे। अब उनके पुत्र साकेत अग्रवाल सह-कोषाध्यक्ष और उत्तरांचल दीप के प्रबंध संपादक हैं। इस अवसर पर प्रबंध संपादक साकेत अग्रवाल, मैनेजर दीपक तिवारी, कमल कांत शर्मा, नवनीत सिंह बिष्ट, राजेन्द्र गुरुरानी, सलीम खान, रवि दुर्गापाल केके चौहान, चंदन भट्ट, संजय भंडारी, शिवांश माथुर, लीलाधर आदि उपस्थित रहे।

## ऑटो चालक पर शिक्षिका से धारदार हथियार दिखाकर छेड़छाड़ का आरोप

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

महिलाओं युक्तियां किशोरियों का घर से निकलना दुश्वार हो गया है आए दिन उनके साथ छेड़छाड़ अश्लील हरकत करने के मामले देखने को मिल रहे हैं हालांकि पुलिस स्कूलों कॉलेज चौराहा पर खड़े होकर लोगों को जागरुक भी कर रही है लेकिन पुलिस के इस जग्गू का अभियान का लोगों के ऊपर कोई असर पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है अब शिक्षिका के साथ छेड़छाड़ का मामला प्रकाश आया है। बीते दिवस मुखानी थाने क्षेत्र में ऑटो चालक ने शिक्षिका के साथ छेड़छाड़ कर दी। चालक ने शिक्षिका को धारदार हथियार दिखाकर उसके साथ जबरदस्ती करने का प्रयास किया शिक्षिका ने हिम्मत से काम लेते हुए शोर मचा दिया यह देख आरोपी महिला को रास्ते में छोड़कर फरार हो गया। शिक्षिका की तहरीर पर पुलिस ने क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं। लोरियासाल तल्ला निवासी महिला लामाचौड़ क्षेत्र के एक स्कूल में शिक्षिका के पद पर तैनात है पुलिस को सौंपी तहरीर में शिक्षिका ने कहा कि बृहस्पतिवार को स्कूल की छुट्टी होने के बाद दोपहर 2: 00 बजे वह लामाचौड़ स्थित स्कूल से निकली थी। लामाचौड़ चौराहे पर घर जाने के लिए एक ऑटो को रोका और उसमें बैठ गई। घर की तरफ जाते समय चार धाम मंदिर से करीब 100 मीटर आगे पहुंचने पर ऑटो चालक ने दूसरी दिशा में वाहन मोड़ दिया। जब शिक्षिका ने इसका विरोध किया तो ऑटो चालक ने उसे धारदार हथियार दिखाकर उसके साथ छेड़छाड़, व अश्लील हरकत करने लगा जिससे वह काफी डर गई। सीओ नितिन लोहनी ने बताया कि पुलिस सीसीटीवी खंगाल रही है। कुछ जगह पर ऑटो दिखाई दिया है। आरोपी जल्द पुलिस की गिरफ्त में होगा।



# नैनीताल में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के प्रतिष्ठित स्कूल सेंट जॉन्स स्कूल में आज शिक्षक दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रांगण में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गयाए जिसमें स्कूल के छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर अपने विचार और भावनाएँ साझा कीं।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना से हुईए इसके बाद छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से शिक्षकाओं का मन मोह लिया। कविताएँए नृत्य और संगीत ने समारोह को जीवंत बना दिया। विधालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के बीच विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसमें म्यूजिकल चेयर रेसए स्पून रेसए टग ऑफ वारए पास द पिलोए आदि रेस हुई जिसमें लता फर्त्याल रावतएज्योती त्रिपाठीए मोनीका वर्माएपूनम बिष्ट आदि शिक्षिका विजयी हुए इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती




विनीता रावत ने शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट किया और उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को सराहा।

शिक्षक दिवस में कार्यक्रम का संचालन विधालय के छात्र सिद्धार्थ कपिल तथा विधालय की शिक्षिका मोनिका आर्या द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

प्रधानाचार्या ने कहाए ष्शिक्षक समाज के स्तंभ होते हैंए जो बच्चों के भविष्य को संवारने का काम करते हैं। आज का दिन उनके सम्मान का दिन है। सभी शिक्षकों को इस अवसर पर सम्मानित किया गया और उनके समर्पण और कड़ी मेहनत की सराहना की गई। इस प्रकार शिक्षक दिवस ने सभी को प्रेरित किया और शिक्षकों के प्रति सम्मान को प्रगाढ़ किया। इस अवसर पर पूनम बिष्ट. ज्योति त्रिपाठी, लता फ र्त्याल रावत, किरण मेर,आशा जोशी,मोनिका वर्मा, अनिता बोरा,रुचि साह,पल्लवी जोशी, साहीन, मोनिका आर्या, विक्रम सिंह रावत, संजय कुमार, तुलसी मेहरा,पूनम बिष्ट तथा रेणु बिष्ट आदि उपस्थित रहे।

दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष व लेक सिटी वेलफेयर क्लब की पूर्व अध्यक्ष व सामाजिक कार्यकत्री जीवंती भट्ट के द्वारा समय.समय पर विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक कार्य पर योगदान दिया जाता रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को उन्होंने शहर में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर जहां पर संस्कार युक्त शिक्षा बच्चों को दी जाती है उन अध्यापकों को सम्मानित किया जिसमें 16 शिक्षिकायें व आठ शिक्षक सम्मिलित थे। इस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर नैनीताल विधानसभा क्षेत्र की विधायिका सरिता आर्या द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में सरिता आर्या रही जिन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर राष्ट्र को आगे बढ़ाने के लिए बच्चों को तैयार करने में सहायक है। वही जीवन्ती भट्ट ने अपने संबोधन में कहा कि वह शिशु मंदिर की शिक्षा व्यवस्था से बहुत प्रभावित हैं यह उनके द्वारा शिक्षकों के लिए एक सम्मान था जिसे उन्होंने आज अपने भाव में व्यक्त किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी का आभार व्यक्त किया इस एअवसर पर विद्यालय के बच्चों ने सरस्वती वंदना और राधा कृष्णन जी के जीवन पर प्रकाश डाला साथ ही कुमाऊनी लोक नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में लेक सिटी वेलफेयर क्लब के साथियों ने बढ़.चढक़र भाग लिया इस अवसर पर क्लब की सचिव व शिक्षिका दीपा पांडे, संरक्षक अध्यक्ष हेमा भट्ट ,कोऑर्डिनेटर रानी साह समेत पूर्व सचिव रमा भट्ट, जिला मंत्री दीपिका बिनवाल तथा निवर्तमान सभासद प्रेमा अधिकारी, कंचन जोशी तथा सरिता त्रिपाठी उपाध्यक्ष, अमिता शाह तथा सरस्वती सिराला आदि लोग उपस्थित रहे इस अवसर पर क्लब की दो शिक्षिकाएं दीपा पांडे व सरिता त्रिपाठी को भी सम्मानित किया गया।



## नैनीताल में शिक्षक दिवस पर अध्यापकों को सम्मानित किया

नैनीताल

हमारे संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष, लेक सिटी वेलफेयर क्लब की पूर्व अध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता जीवंती भट्ट के द्वारा समय-समय पर विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक कार्य पर योगदान दिया जाता रहा है। इसी क्रम में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में अध्यापकों को सम्मानित किया। जिसमें 16 शिक्षिकायें वह 08 शिक्षक सम्मिलित थे। इस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर विधायिका सरिता आर्या द्वारा किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरिता आर्या रही ,जिन्होंने अपने संबोधन में कहा की सरस्वती शिशु मंदिर राष्ट्र को आगे बढ़ाने के लिए बच्चों को तैयार करने में सहायक है। वही जीवन्ती भट्ट ने कहा कि वह शिशु मंदिर की शिक्षा व्यवस्था से बहुत प्रभावित हैं यह उनके द्वारा शिक्षकों के लिए एक सम्मान था जिसे उन्होंने आज अपने भाव में व्यक्त किया। विद्यालय के बच्चों ने सरस्वती वंदना और राधा कृष्ण के जीवन पर प्रकाश डाला साथ ही कुमाऊनी लोक नृत्य प्रस्तुत किया। इस दौरान दीपा पांडे, संरक्षक अध्यक्ष हेमा भट्ट ,कोऑर्डिनेटर रानी साह ,पूर्व सचिव रमा भट्ट, जिला मंत्री दीपिका बिनवाल, निवर्तमान सभासद प्रेमाधिकारी, कंचन जोशी, सरिता त्रिपाठी, उपाध्यक्ष अमिता शाह, सरस्वती सिराला समेत अन्य लोग मौजूद रहें।

## केएमवीएन बोर्ड बैठक में संविदा कर्मियों का मानदेय बढ़ाने का लिया फैसला

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी मे कुमाऊं मंडल विकास निगम की गुरुवार को हुई बोर्ड बैठक में निगम में दस वर्ष से अधिक समय से कार्यरत संविदा कर्मियों का मानदेय 5 हजार व 5 साल से अधिक समय से कार्यरत संविदा कर्मियों का मानदेय 4 हजार रुपये प्रतिमाह बढ़ाने का फैसला लिया गया । साथ ही साढ़े चार हजार रुपये दिवाली बोनस देने का भी निर्णय लिया गया । निगम ने पहली बार संविदा कर्मियों का इतनी अधिक राशि में मानदेय बढ़ाया है ।

पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे की अध्यक्षता में निगम मुख्यालय में हुई बैठक में कई अन्य फैसले भी लिए गए । बोर्ड ने गूंजी में पेट्रोल पंप खोलने को भी स्वीकृति प्रदान कर दी है । गूंजी में पेट्रोल पंप के लिये भूमि पहले से चिन्हित कर ली गई है । अब पेट्रोल पंप खोलने के लिये प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा जाएगा । ताकि इस हेतु बजट उपलब्ध हो सके । यह पेट्रोल पंप उच्च हिमालयी क्षेत्र में प्रस्तावित है जहां पेट्रोल पंप स्थापना में अधिक बजट की जरूरत होगी ।

बैठक में बताया गया कि निगम पिछले वर्षों से लाभ की स्थिति में है और वह कर्मचारियों को बढ़े मानदेय व बोनस देने में सक्षम है। निगम के प्रबंध निदेशक डॉ. सन्दीप तिवारी ने पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे के बैठक में पहुंचने पर स्वागत किया और निगम की प्रमुख गतिविधियों की जानकारी दी । बैठक में महाप्रबन्ध प्रशासन विजय नाथ शुक्ल, महाप्रबंधक निर्माण श्री भटनागर,वित्त नियंत्रक दिनेश राणा,कम्पनी सचिव नवीन बोरा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे ।

## NEWS / फटाफट

### अतिक्रमणकारियों से 9500 रुपये अर्थदण्ड भी वसूला

**नैनीताल।** नगर पालिका नैनीताल की टीम ने गुरुवार को मल्लीताल गाड़ीपडाव चौराहे पर हुए अतिक्रमण को हटाया साथ ही अतिक्रमणकारियों से 9500 रुपये अर्थदण्ड भी वसूल किया। पालिका के कर अधीक्षक सुनील खोलिया के नेतृत्व में पालिका की टीम गुरुवार को गाडी पडाव चौराहे पर पहुंची । इस स्थान पर अतिक्रमण का एक वीडियो सोशियल मीडिया में वायरल हुआ था साथ ही इस अतिक्रमण की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल में भी हुई थी। ये दुकान नगर पालिका की हैं। लेकिन कुछ दुकानदारों ने सडक तक अतिक्रमण किया है । जिसे आज हटा दिया गया। इस दौरान कर अधीक्षक सुनील खोलिया,अतिक्रमण प्रभारी दिनेश कटियार, कर समाहर्ता अंकित बिष्ट, पीयूष भंडारी, दीपराज, शाकिर अली तथा पर्यावरण मित्र रवि कुमार आदि शामिल थे।

### हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के 50 नामांकन पत्र बिके

**नैनीताल।** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के विभिन्न पदों के लिये करीब 50 नामांकन पत्र बिके हैं । गुरुवार को नामांकन पत्र विक्रय करने की आंखिरी तिथि थी। आज शुक्रवार को नामांकन पत्र जमा होंगे। गुरुवार को दूसरे दिन भी मुख्य निर्वाचन अधिकारी बी0 एस0 अधिकारी की उपस्थिति में मतपत्रों का वितरण किया गया। आज अध्यक्ष पद के लिये वरिष्ठ अधिवक्ता पुष्पा जोशी ने भी नामांकन पत्र खरीदा। जबकि दुर्गा सिंह मेहता व विजय भट्ट ने विगत दिवस नामांकन पत्र खरीदा था। नामांकन पत्रों की बिक्री के दौरान अंजली भार्गव. राजेश शर्मा. गंगा सिंह नेगी, राजेश जोशी. प्रमोद बेलवाल, राजकुमार सिंह, विशाल सिंह मेहरा, शिवानन्द भट्ट, निरंजन भट्ट. मीना बिष्ट पचोलिया. ममता जोशी, करन आनन्द. पकंज कपिल. दीपा आर्या, शीतल सेलवाल. श्वेता बडौला डोभाल, शिवम राणा, सिद्धार्थ सिंह नेगी, अमनजोत सिंह चड्ढा, अविदित नौलियाल. रजनी सुप्याल लटवाल, गरिमा थापा, सैययद काशिफ जाफरी0 बन्दना सिंह आदि उपस्थित रहे।

### पार्किंग की समस्या को लेकर पर्यटन सचिव को सौंपा ज्ञापन

**नैनीताल।** नैनीताल में पार्किंग की समस्या को बेहद गंभीरता से लेते हुए भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक आशीष बजाज ने गुरुवार को नैनीताल दौरे पर पहुंचे सूबे के पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे से विस्तार से वार्ता की। वार्ता के बाद बजाज ने उन्हें मामले को लेकर ज्ञापन सौंपकर मामले में त्वरित कार्रवाई करने की गुजारिश की। बजाज के मुताबिक नैनीताल एक ख्याति प्राप्त पर्यटन नगरी है। यहां अप्रैल से जून तथा अक्टूबर में जाम की समस्या बनी रहती है जिस कारण पर्यटकों को काफी परेशानी का सामना करना पडता है। नैनीताल में पार्किंग की अपार सम्भावना है जिसमें छावनी परिषद व मेट्रोपोल होटल को पार्किंग के लिए विकसित किया जा सकता है तथा रूसी बाईपास में भी पार्किंग के लिये अत्यधिक सम्भावना है साथ ही तल्लीताल नवज्योति क्लब से जू के लिये ट्राली की व्यवस्था प्रस्तावित है। उक्त के अतिरिक्त स्नोव्यू से कैंची धाम के लिये ट्राली की सुचारू व्यवस्था की जानी नितान्त आवश्यकता है। जिसके लिए इस स्थल पर होने वाले जाम से भी बचा जा सके।

### नगर निगम की टीम ने नैनीताल रोड से हटाये अवैध होर्डिंग



**हल्द्वानी।** नगर निगम की टीम ने नैनीताल रोड पर अभियान चलाकर होर्डिंग हटाये। इस दौरान निगम कर्मियों ने दर्जनों होर्डिंग जब्त कर वाहन में भरे। नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, उप नगर आयुक्त तुषार सैनी व सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट के नेतृत्व में शुक्रवार को निगम की टीम ने नैनीताल रोड में सौरभ होटल से काठगोदाम तक हाइवे के दोनों तरफ अवैध तरीके से लगाये गये होर्डिंग्स हटाये। निगम अधिकारियों के अनुसार बिजली पोल के साथ ही सरकारी संपत्ति पर लगाये गये होर्डिंग हटाने के लिए अभियान चलाया गया था। खबर लिखे जाने तक 200 से अधिक होर्डिंग हटा लिये गये थे। इनमें राजनीतिक के साथ ही व्यवसायिक होर्डिंग शामिल हैं।

## अनियंत्रित होकर 20 मीटरखाई में गिरी पिकप, चालक को हायर सेंटर किया रेफर

नैनीताल

हमारे संवाददाता

डीएसबी परिसर के छात्रावास की ओर निर्माण सामग्री लेकर जा रही पिकअप अनियंत्रित होकर 20 मीटर गहरी खाई में गिर गई। वाहन बीच खाई में पेडों से टकराकर रुक गया लेकिन हादसे में वाहन चालक बुरी तरह चोटिल हो गया। सूचना के बाद पहुंची तल्लीताल पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर चालक को खाई से बाहर निकाला अस्पताल पहुंचाया। जिसे बीडी पांडे अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार नैनीताल डीएसबी परिसर के केपी और एसआर हॉस्टल में जीर्णोद्धार का कार्य के लिए पिक से बृहस्पतिवार की शाम को निर्माण सामग्री ले जाई जा रही थी। मार्ग संकरा होने के कारण अचानक वाहन असंतुलित हो गया और खाई में



गिर गया। गनीमत रही कि 20 मीटर नीचे गिरने के बाद वाहन बांज के पेड़ों में रुक गया।

लेकिन हादसे में वाहन चालक बुरी तरह चोटिल हो गया। हादसे के बाद क्षेत्र के लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना के बाद तल्लीताल थाना चीता कांस्टेबल अमित गहलौत व एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गई।

उन्होंने स्थानीय लोगों की मदद से खाई में उतरकर चालक को निकालकर अस्पताल पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बोहरकोट तल्ला रामगढ़ निवासी उमेश सिंह को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक


**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## चुनाव से पहले संगठन

***हरीश रावत द्वारा चुनाव नहीं लड़ने और किसी पद का दावेदार नहीं होने की बात कहना पार्टी की नई पीढ़ी को मौका देने के तौर पर देखा जाना चाहिए और सराहना भी होनी चाहिए। पार्टी के एक सिपाही और चुनाव प्रचारक का काम करना सही है, लेकिन चुनाव प्रचार से पहले गुटबाजी समाप्त कर पार्टी को एकजुट करने की जरूरत है। किसी भी पार्टी के वरिष्ठ लोगों के लिए चुनाव से पहले संगठन की मजबूती अहम है। उत्तराखंड में कांग्रेस का संगठन बिखरा हुआ है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और अन्य नेता आये दिन हरीश रावत के खिलाफ सार्वजनिक रूप से बयानबाजी करते हैं।***

उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश रावत ने कहा है कि वह अब कभी कोई चुनाव नहीं लड़ेंगे। वर्ष 2027 में उत्तराखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी के एक सिपाही और प्रचारक की भूमिका निभायेंगे। मुख्यमंत्री अथवा किसी अन्य पद के लिए दावेदारी से भी इन्कार किया है। कई बार चुनाव लड़ चुके हैं, लोगों को बार-बार तकलीफ देने से क्या फायदा। यह बात सही है कि हरीश रावत लोकसभा और विधानसभा के करीब दर्जनभर चुनाव लड़ चुके हैं। अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ संसदीय क्षेत्र से चुनाव जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई। केन्द्रीय मंत्रिमंडल के सदस्य रहे। अल्मोड़ा के मतदाताओं ने जिताया तो उसके बाद कई बार हराकर सबक भी सिखाया। उत्तराखंड राज्य का गठन होने पर विधानसभा चुनाव में हरीश रावत दो निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार बने तो एक भी जगह नहीं जीते। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री रहते हुए हरीश रावत खुद चुनाव में पराजित हुए और उनकी पार्टी सत्ता से बाहर हो गई। पिछले दो विधानसभा चुनाव में कांग्रेस बहुमत हासिल करने में नाकाम रही है। दो विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी जीत गये, इससे उत्साहित हरीश रावत का दावा है कि वर्ष 2027 में कांग्रेस सत्ता हासिल करेगी। हरीश रावत द्वारा चुनाव नहीं लड़ने और किसी पद का दावेदार नहीं होने की बात कहना पार्टी की नई पीढ़ी को मौका देने के तौर पर देखा जाना चाहिए और सराहना भी होनी चाहिए। पार्टी के एक सिपाही और चुनाव प्रचारक का काम करना सही है, लेकिन चुनाव प्रचार से पहले गुटबाजी समाप्त कर पार्टी को एकजुट करने की जरूरत है। किसी भी पार्टी के वरिष्ठ लोगों के लिए चुनाव से पहले संगठन की मजबूती अहम है। उत्तराखंड में कांग्रेस का संगठन बिखरा हुआ है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और अन्य नेता आये दिन हरीश रावत के खिलाफ सार्वजनिक रूप से बयानबाजी करते हैं। हरीश रावत भी सोशल मीडिया पर कटाक्ष करते रहते हैं। कांग्रेस में एकजुटता नहीं होने को चुनाव में हार के लिए हरीश रावत भी स्वीकार कर चुके हैं। हरीश रावत उत्तराखंड में सबसे वरिष्ठ नेता हैं। पार्टी की बदतर हालत का कड़वा सच स्वीकार करते हुए संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी हरीश रावत को लेनी चाहिए, जबकि वह इससे कतरा रहे हैं। चुनाव प्रचार महत्वपूर्ण नहीं होता है। कांग्रेस के ज्यादातर लोग हरीश रावत को गुटबाजी के लिए दोषी ठहराते हैं, हालांकि यह पूरी तरह सही नहीं है। राज्य में कांग्रेस के आधा दर्जन गुट हैं। हरीश रावत समेत कई वरिष्ठ नेता एक साथ मंच पर आने से परहेज करते हैं।

# खाते से लाखों की रकम उड़ानें वाले गिरोह का पर्दाफाश

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**



**खुलासा**

- पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार, दो फरार
- तलाश में पुलिस जुटी, लालपुर चौकी क्षेत्र का मामला

कोतवाली किच्छा की चौकी लालपुर क्षेत्र में एक दुकानदार का मोबाइल चोरी कर खाते से लाखों की नगदी निकालने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने दो को गिरफ्तार किया है। जबकि दो फरार है।

पुलिस दोनों की तलाश में जुटी है। गुरुवार को एसपी क्राइम चंदशेखर घोडके और एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने घटना का किच्छा कोतवाली में खुलासा किया। दोनों अधिकारियों ने बताया कि 8 जून 2024 को कौशल कुमार पुत्र लालता प्रसाद निवासी नीलकंठ कालोनी फेस -1 लालपुर किच्छा ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में बताया गया कि लालपुर में उसकी दुकान से 2 अज्ञात व्यक्तियों ने उसका स्मार्ट मोबाईल चोरी कर उसके बैंक खाते का कोड चैंज कर 3,80,800/-रुपये निकाल लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। खुलासे के लिए एसएसपी ने एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल के निर्देशन में पुलिस टीम का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि विवेचना के दौरान पीड़ित के खाते की जांच की गयी तो पुलिस को पीड़ित के खाते से चोरी गये 3,80,800/-रुपये विभिन्न खातों में हस्तान्तरित किए गए है।

जब सभी खातो की जांच की गयी तो पुलिस ने अधिकतर धनराशि प्रज्ञात अरोरा पुत्र राजेश अरोरा निवासी निकट लेखराज किराना स्टोर रामेश्वरपुर रोड लालपुर के खाते में ट्रांसफर की गयी। उसी खाते से कमल के खाते में यूपीआई से ट्रांसफर की गयी 1,50,000/ रुपए एटीएम के माध्मय से निकाली गयी है। उन्होंने बताया कि पुलिस प्रज्ञात अरोरा से पूछताछ की गयी तो उसके द्वारा बताया गया कि वह और उसका दोस्त कमल रस्तोगी निवासी रामेश्वरपुर लालपुर किच्छा,अभय निवासी लालपुर किच्छा, रोहित निवासी लालपुर पीड़ित कौशल को पहचानते है और साथ में उठना बैठना था।

रोहित को कौशल के मोबाईल फोन के कोड की जानकारी भी थी। चारों दोस्त गैमिंग में पैसे लगाते है कई बार उस गैमिंग साइट में पैसा हार गये थे। तो हम लोगो को पैसो की जरुरत थी। रुपए की जरूरत के कारण यह षडयन्त्र रचा था। मोबाईल चोरी कर रुपए निकालने की बात हुई। दोनों अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने प्रज्ञात अरोडा के बतायेनुसार घटना में शामिल रोहित निवासी लालपुर किच्छा को पकड़कर सख्ती से पूछताछ की गयी तो पकडे गये दोनो ने फरार अभय व कमल के साथ मिलकर मोबाइल चोरी करना व उसके खाते से पैसे निकालकर गैमिंग साइट में लगाने की बात कबूल की।

पुलिस ने षड्यंत्र के तहत दुकान से मोबाइल चोरी कर रुपए निकालने में शामिल प्रज्ञात अरोड़ा,रोहित को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से चोरी किया गया मोबाइल फोन बरामद किया। उन्होंने बताया कि घटना में 2 अन्य के भी अपराध में शामिल होने के साक्ष्य मिले है जो फरार चल रहे है। पुलिस तलाश कर रही है। खुलासा के दौरान सीओ बीएस चौहान, कोतवाल सुंदरम शर्मा किच्छा मौजूद रहे।

**ताजा व अपडेट खबरों के लिए देखते रहें।**
www.uttaranchaldeep.com

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मण्डी हल्द्वानी में कार्यरत फर्म में बची सिंह, भुपाल सिंह थोक आडतिया (फल-सब्जी) फर्म के भीगीदार श्री राजेन्द्र सिंह जन्तवाल द्वारा फर्म से अपनी 5 प्रतिशत की भागीदारी समाप्त कर ली है। अत: उक्त फर्म में प्रोपराइटर हीरा सिंह जन्तवाल पुत्र श्री बच्ची सिंह जन्तवाल 100 प्रतिशत यानि पूर्ण स्वामी हो गये हैं ।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी ए एन एम प्रथम वर्ष 2018 की मार्कशीट जिसका अनुक्रमांक 4044 है, जो वास्तव में कहीं खो गई है। अगर किसी को मिले तो इसका उपयोग अवैध होगा। **- दीपा आर्या पुत्री हरीश राम, निवासी नौघर, पो0 बैजनाथ, बागेश्वर ( उत्तराखंड )**

# नंदा-सुनंदा का महोत्सव को लेकर पत्रकार वार्ता आयोजित

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**




श्री राम सेवक सभा द्वारा नंदा देवी महोत्सव को लेकर शुक्रवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।

राम सेवक सभा के अध्यक्ष मनोज साह व महासचिव जगदीश बवाड़ी द्वारा पत्रकारों से वार्ता की गई। उन्होंने बताया की 122वीं नंदा सुनंदा का महोत्सव आयोजन किया जा रहा है। बताया की नंदा देवी महोत्सव 8 से 15 सितम्बर तक आयोजित किया जाएगा।

जिसमें 8 सितम्बर को दो बजे से महोत्सव उद्घाटन, कदली वृक्ष हेतु प्रस्थान, 9 सितम्बर दोपहर दो बजे से कदली वृक्ष का सुखाताल, चिना बाबा के पास स्वागत,पूजन, 10 सितम्बर को 12 बजे से मूर्ति निर्माण, 11 सितंबर को सुबह तीन बजे ब्रहम मूहर्त में प्राण प्रतिष्ठा एवं पूजन, पंच आरती, देवी भोग, 12 सितंबर को सुबह 6 बजे देवी पूजन,श्री दुर्गा सप्तशती पाठ, कन्या पूजन, महाभंडारा डीएसए मैदान, 13 को सुबह 6 बजे देवी पूजन, भजन कार्यक्रम और शाम को 7 बजे दीपदान, 14 सितम्बर को 6 बजे से देवीपूजन,सुंदर कांड, पंच आरती, देवी भोग और 15 सितम्बर को सुबह 6 बजे से देवी पूजन, दोपहर 12 बजे देवी भोग, 12 बजे से नगर में शोभा यात्रा और 6-30 गोल्ज्यू मंदिर के समीप मूर्ति विसर्जन किया जाएगा। वही बताया की 10 से 14 सितम्बर तक राम सेवक सभा और तल्लीताल में शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। वही इस वर्ष लोकल उत्पाद का प्रचार प्रसारण भी किया जाएगा। महोत्सव को लाइव प्रसारण दिया जाएगा। उन्होंने कहा महोत्सव को सफल बनाने में जिला प्रशासन,पुलिस प्रशासन व नगर के लोगों द्वारा पूर्ण सहयोग दिया जा रहा है।

पत्रकार वार्ता में अशोक साह, विमल चौधरी,पूर्व अध्यक्ष मुकेश जोशी मंटू, प्रो. ललित तिवारी,भुवन बिष्ट,मोहित साह, पीडी पांडे, पूर्व महासचिव देवेंद्र लाल साह, त्रिभुवन फर्तियाल,हरीश राणा, मोहन नेगी समेत अन्य लोग मौजूद रहें।

## फिल्मी दुनिया

# फाल्गुनी शेन पीकॉक के स्टोर लॉन्च में पहुंची गौरी खान





*फैशन ब्रांड फाल्गुनी शेन पीकॉक ने गुरुवार को नई दिल्ली के द धन मिल में अपने प्रीवियर स्टोर का अनावरण किया। यह उद्घाटन और भी खास था, क्योंकि इस दिन ब्रांड की 20वीं वर्षगांठ थी और यह उसका प्रतीक बना। बता दें कि इस स्टोर को गौरी खान डिजाइन किया है। गौरी खान ने पिछले कुछ सालों में कई हाई-एंड प्रोजेक्ट्स पर काम किया है। एएनआई से बातचीत में उन्होंने बताया कि कैसे पिछले कुछ वर्षों में उनका डिजाइन सेंस विकसित हुआ है। गौरी ने कहा, 'हर प्रोजेक्ट के साथ मेरा डिजाइन सेंस हर दिन विकसित होता है, जो नई प्रेरणा और एक नया नजरिया लेकर आता है। जब उनसे पूछा गया कि स्टोर बनाने के पीछे क्या था, तो गौरी ने कहा, 'फाल्गुनी और शेन के स्टोर को डिजाइन करना उनकी शैली को एक भौतिक स्थान में बदलने के बारे में था। हमारा उद्देश्य उनके लक्जरी प्रीटवियर लाइन को फिर से नए इंटीरियर के साथ दिखान था। ब्रांड के दो दशक के पूरे होने पर स्टोर को और भी खास बनाने के लिए, गौरी ने एक 'पर्सनल टच' जोड़ा। उन्होंने कहा, 'फाल्गुनी और शेन की दो दशकों के सफर का जश्न मनाने के लिए, हमने कस्टम पीतल मोनोग्राम फर्नीचर जैसी चीजों जोड़ा।*

### कई सफर को सेलिब्रिटी घरों का नवीनीकरण किया

*अपने सफर को अविश्वसनीय बताते हुए गौरी ने कहा, 'अविश्वसनीय, प्रत्येक परियोजना सीखने और रचनात्मकता से भरा एक नया रोमांच रहा है। मेरी शैली मेरे द्वारा डिजाइन किए गए प्रत्येक स्थान के साथ विकसित होती है और बढ़ती है।' नए स्टोर को खरीदारों को फाल्गुनी शेन पीकॉक के तैयार किए कलेक्शन के लिए इस जगह को डिजाइन किया गया है। बता दें कि गौरी ने अपने पति, शाहरुख खान के नए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) कार्यालय को भी तैयार किया है। इसके अलावा, गौरी ने उपनगरीय मुंबई में कई रेस्तरां और सेलिब्रिटी घरों का नवीनीकरण किया है।*

# युवतियों से छेड़छाड़ करने से मना किया तो दबंगों ने फायर झोंका

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

थाना ट्रांजिट कैंप की चौकी आवास विकास कालोनी में युवतियों से छेड़छाड़ करने से मना करने पर दबंगों ने एक व्यक्ति पर हमला किया और जान से मारने की नीयत से फायर झोंक दिया। इससे वह बाल बाल बच गया। पुलिस ने घटना के तीन दिन बाद मुकदमा दर्ज किया। आवास विकास निवासी अरूण अरोड़ा पुत्र स्व- वेद प्रकाश अरोड़ा ने कहा है कि उसके घर के पास कुछ अपराधिक किस्म के लडके पिछले एक डेढ वर्ष से चक्कर लगाते है व वहां से आने जाने वाली लड़कियों को फब्तियां कस छेड़छानी करते है। उसने उन सभी लड़कों को डाटा गया व लगभग डेढ वर्ष पूर्व पुलिस से शिकायत भी करी थी। आवास विकास पुलिस चौकी ने त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त लोगों को चौकी बुलाया गया तो उक्त लोगों के माफी मांगने पर मामले का निपटारा आपसी सहमति से हो गया। तब से उसमें से एक आकाश विर्क व उसके साथी प्रार्थी से रंजिश रखने लगे। बताया कि 2 सितंबर को चार साहबजादे चौक के पास फल खरीदकर घर को जाने लगा तो तो वहां पहले से घात लगाये आकाश विर्क व उसके अन्य चार-पांच अज्ञात व्यक्ति द्वारा उस पर जान से मारने की नियत से हमला कर दिया। आरोप है आकाश विर्क ने जान से मारने की नियत से तंमचे से फायर कर दिया, जो मिस हो गया। उसके साथी द्वारा चापड़ फेककर मारा जिससे उसने अपने आप को बचा लिया। जान बचाने के लिए आवास विकास होली चौक पर स्थित एक मेडिकल स्टोर में छुप गया। बाद में वह लोग जाने से मारने की धमकी देते हुए चले गये। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## News कॉर्नर

### एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी का तबादला, पुलिस कार्यालय में विदाई समारोह आयोजित

**रुद्रपुर।** जनपद के एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी का तबादला पुलिस मुख्यालय हो गया। उनकी जगह एसडीआरएफ से मणिकांत मिश्रा की तैनाती हुई हैं। वहीं दूसरी ओर पुलिस कार्यालय में एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी को भावभीनी विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान कप्तान के कार्यकाल की सराहना की गई। विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों ने कप्तान को सम्मानित किया। इधर एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी ने पत्रकारों से भी रूबरू हुए। पत्रकारों ने उनके ढाई वर्ष का कार्यकाल  सराहनीय कार्य रहा। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों के सहयोग के लिए आभार जताया। उन्होंने अपने कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि तबादला एक प्रकिया है। घटनाएं हुई, खुलासा भी किया। एसपी क्राइम चंदशेखर घोडके का भी तबादला बागेश्वर एसपी पद पर हुआ है। उन्हें भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल, एएसपी निहारिका तोमर समेत पत्रकार मौजूद रहे।

# कोई भी विशिष्ट कानून न होने से पत्रकारिता का स्तर गिर रहा है: रास बिहारी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट्स से संबद्ध देश के पत्रकारों के सबसे बड़े संगठन एनयूजेआई यानी नेशनल यूनियन ऑफ  जर्नलिस्ट्स इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी ने कहा कि एनयूजेआई देश में पत्रकारों की सुरक्षा के लिये पत्रकार सुरक्षा कानून, राष्ट्रीय पत्रकार रजिस्टर और मीडिया कार्उसिल बनाने के लिए संघर्षरत है। कहा कि जिस तरह अधिवक्ताओं, चार्टर्ड अकाउंटेंट सहित विभिन्न पेशों के लिये पंजीकरण की देश में व्यवस्था है उसी तरह की व्यवस्था पत्रकारों के लिये भी होनी जरुरी है। रास बिहारी गुरुवार को नैनीताल स्थित राज्य अतिथि गृह के प्रेक्षागृह में नगर के वरिष्ठ पत्रकार डॉ. नवीन जोशी का संगठन का प्रदेश महासचिव बनने के उपलक्ष्य में आयोजित सम्मान कार्यक्रम में पहुंचे थे और अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश में पत्रकारों के लिये कोई भी विशिष्ट कानून न होने के कारण पत्रकारिता का स्तर भी गिर रहा है। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. गिरीश रंजन तिवारी ने बैठक में पहुंचने के लिये श्री बिहारी का आभार जताया वहीं नवनियुक्त प्रदेश महासचिव डॉ. नवीन जोशी ने नैनीताल के पत्रकारों के एकजुट रहने के कारण मिली शक्ति को उन्हें पद मिलने का श्रेय देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बिहारी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए नगर अध्यक्ष अफजल हुसैन फ ौजी सहित  बैठक में उपस्थित वरिष्ठ पत्रकार किशोर जोशी, रमेश चंद्रा, भूपेंद्र मोहन रौतेला, राजू पांडे, तेज सिंह नेगी, डॉ. सुनील भारती, संतोष बोरा, शीतल तिवारी, गणेश कांडपाल, शैलजा सक्सेना, अजमल हुसैन, संतोष बोरा व गुड्डू ठठोला सहित कई अन्य पत्रकारों ने विचार रखे और डॉ. जोशी को बधाई के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बिहारी का नैनीताल के साथी को प्रदेश में दायित्व देने एवं बैठक में उपस्थित होकर गौरव बढाने के लिये धन्यवाद दिया।  बैठक में गौरव जोशी, एसएम ईमाम, दामोदर लोहनी, पंकज कुमार, गौरव जोशी, तनुज पांडे, नीतू आर्या, योगिता तिवारी, प्रकाश पांडे,  मुनीबुर रहमान दीपक कुमार, सुरेश कांडपाल, संजय कुमार, आकांक्षी माड़मी तथा शैलजा सक्सेना सहित काफी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे। इस दौरान संगठन के सदस्यों को राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बिहारी के हाथों संगठन के नए प्रेस कार्ड भी वितरित किए गए।












# स्व. वेद प्रकाश गुप्ता जी की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर

















**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

बीएलएम एकेडमी के संस्थापक स्व. वेद प्रकाश गुप्ता जी की पुण्यतिथि पर शत शत नमन करते हुए भावपूर्ण स्मरण  श्रद्धांजलि अर्पित की गई । सर्वप्रथम स्व.वेद प्रकाश गुप्ता जी के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

स्व.बाल किशन देवकी देवी स्मारक चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि अपर निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन ऋचा सिंह ने कहा कि स्व.वेद प्रकाश गुप्ता जी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है उन्होंने शून्य से शिखर की यात्रा कर जीवन में उच्चतम मुकाम हासिल किया । इस अवसर पर आयोजित ग्रेंड पेरेंट्स डे पर प्री प्राईमरी वर्ग और प्राईमरी वर्ग के नन्हे मुन्ने बच्चों ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।आरकेस्टा की धुन ने समा बांध दिया।  यूकेजी के बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। नर्सरी के बच्चों ने एक्शन सोंग पर मोहक नृत्य से  लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।ग्रेंड पेरेंट्स के लिए आकर्षक खेल भी आयोजित किए गए। दादा दादी के साथ रैंप वाक और नृत्य  नाटिका आकर्षण का केंद्र रही। मौके पर प्रबंधक साकेत अग्रवाल,सौम्या अग्रवाल, उप प्रधानाचार्या संगीता माथुर,हेड एडमिन एंड एच आर डा. अमर सिंह कँवर,एकेडमिक कॉर्डिनेटर पूनम क्वात्रा नूपुर सोसायटी के संचालक मीनू अग्रवाल बिष्ट, देवेंद्र बिष्ट,सिद्धांत अग्रवाल, समेत विद्यालय परिवार के सदस्य मौजूद थे ।

मंच संचालन प्राईमरी वर्ग के यामिका, सूर्यांश, दिप्या, मेहुल और अव्यान ने किया मुख्य संचालन प्राईमरी कॉर्डिनेटर यासमीन अली, प्री प्राईमरी कॉर्डिनेटर प्रीति वोहरा बीना जोशी,प्रियंका जोशी ने किया। रक्तदान शिविर में विद्यालय स्टाफ व अन्य लोगों द्वारा उत्साह से प्रतिभाग किया गया। इस मौके यर 34 यूनिट रक्तदान किया गया। रक्तदान करने वालो में उप प्रधानाचार्य संगीता माथुर, प्रतीक सचदेवा, संतोष बिष्ट, पंकज सिंह, नीरज कबड्वाल, ओम प्रकाश जोशी, रमेश डालाकोती, सिद्धांत अग्रवाल, नीरज, कैलाश कर्नाटक, दीपाली पाशी, हेमा सती, ज्योति गड़िया, गीता धपोला, विमला, निर्मला जग्गी, दीपक राठौर, ज्योति जोशी, देवेंद्र सिंह बिष्ट, सोनल अरोरा, भाष्कर भट्ट, ललिता सती, गौरव माहेश्वरी, उत्कर्ष दुआ, पूनम क्वात्रा, ललित उपाध्याय, राज चौहान, धर्मेंद्र जोशी,हेमा पाण्डेय, ज्योति लोहनी, नीमा रौतेला, भुवन जोशी, फाययाज, निश्छल जोशी आदि ने रक्तदान किया। रक्तदान हल्द्वानी सिटी ब्लड सेंटर की टीम द्वारा कराया गया।







# डीएम उदयराज ने ली राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम की बैठक

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने 10 सितम्बर, 2024 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम की कलेक्टेªट सभागार में बैठक ली।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी सरकारी, सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों, तकनीकी संस्था, मदरसों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में शतप्रतिशत बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाय, उन्होंने निर्देश दिये कि एक भी बच्चा दवाई खाने से छूटे ना। उन्होंने निर्देश दिये कि महाविद्यालयों, तकनीकि शिक्षण संस्थानों के साथ ही पैरामेडिकल कॉलेजों में भी 19 वर्ष तक की आयु वर्ग के विद्यार्थियों को चिन्हित करते हुए दवाई खिलाई जाये। उन्होंने स्कूल न जाने वाले सभी बालक, बालिकाओं, श्रमिक के बच्चों एवं घुमन्तू बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्र पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री के माध्यम से कृमि नाशक दवा एल्बेंण्डाजॉल खिलाने के निर्देश दिये।  उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि कृमि मुक्ति दिवस पर दवाई खाने से वंचित बच्चों को 18 व 19 सितम्बर को मॉप-अप दिवसो पर दवाई खिलाई जाय। डिप्टी सीएमओ डॉ राजेश आर्य ने बताया कि जनपद में 1 से 19 वर्ष तक के 623263 बच्चों को दवाई खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि जनपद स्तरीय इमर्जेन्सी रेस्पोंस टीम में डिस्ट्रिक्ट नोडल ऑफिसर डॉ.हरेन्द्र मलिक, डॉ एसपी सिंह व डॉ राजेश आर्या को रखा गया है। बताया कि 1 से 2 साल तक बच्चों को आधी टेबलेट चम्मच में घोलकर तथा 3 साल तक के बच्चों को पूरी टेबलेट पानी में घोलकर पिलाई जायेंगी। उन्होंने बताया कि 3 से 19 वर्ष से बच्चों को पूरी गोली चबा-चबा कर खिलाई जायेगी। 1 से 19 साल के सभी बच्चों (लड़कों एवं लड़कियों) को ऑत के कृमि संक्रमण का खतरा रहता है। उन्होंने बताया कि कृमि मनुष्य की आन्त में रहकर, मानव शरीर ऊतकों से जरूरी पोषक तत्वों को खाते हैं, जिससे बच्चों में कुपोषण एवं खून की कमी होने लगती है तथा बच्चों की कार्य क्षमता घटने लगती है। उन्होंने बताया कि तीव्र संक्रमण के कारण बच्चे थके हुए एवं अकसर बीमार रहने लगते है।

### युवक का शव पंखे के कुंडे में लटके मिलने की सूचना मिली

**रुद्रपुर।** थाना ट्रांजिट कैंप में पुलिस को एक मकान में युवक का शव पंखे के कुंडे में लटका मिलने की सूचना मिली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे का दरवाजा तोड़ कर शव को कब्जे में लिया। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार सुबह पुलिस को मिली कि  फुटबाल मैदान के समीप एक मकान में एक युवक पंखे के कुंडे में लटका है। सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची।